हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 21 दिसंबर 2023


तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री


11 पलायन के लिए मजदूर दलाल सक्रिय, पर कार्रवाई...





12 फिर चला अतिक्रमण पर बुलडोजर प्रशासन...






# जिले में पीएम आवास के 45 हजार 373 मकान स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का सुचारू क्रियान्वयन कलेक्टर चंदन कुमार के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वर्ष 2016–17 से 2022–23 तक 45 हजार 373 आवासों की स्वीकृति कर दी गई है। इसमें से 45 हजार 139 को प्रथम किश्त, 43 हजार 120 को द्वितीय किश्त, 41 हजार 126 को तृतीय किश्त एवं 22 हजार 806 को चतुर्थ किश्त की राशि भुगतान की जा चुकी है। कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन के मार्गदर्शन में सभी जनपद पंचायतों के अधिकारियों की बैठक कर समस्त अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण करने एवं शेष किश्त की राशि हितग्राहियों को भुगतान करने निर्देश दिए है। इससे आवास निर्माण कार्य तेज गति से शुरू हो गया है और हितग्राही अपने पक्के अशियानों को पूर्ण होते देख रहे हैं। जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन ने बताया कि योजनांतर्गत जिले के स्थायी प्रतिक्षा सूची में कुल 64 हजार 992 हितग्राही शामिल हैं, जिसमें अब तक 45 हजार 373 आवासों को स्वीकृत कर 37 हजार 807 आवासों को पूर्ण कराया गया है। जहां हितग्राही खुशहाली के साथ अपने पक्के आवासों में निवासरत है। 37 हजार 807 पूर्ण आवासों में जनपद पंचायत बलौदाबाजार अंतर्गत 9048, भाटापारा 4858, कसडोल 9501, पलारी 8433 एवं सिमगा 5967 आवास शामिल हैं।

## अब तक 37 हजार 781 मकानों का निर्माण हुआ पूर्ण



### पक्के मकान मिलेंगे

उल्लेखनीय है कि शासन की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना– ग्रामीण वर्ष 2016–17 में शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य सामाजिक एवं आर्थिक जनगणना 2011 के तहत आने वाले पात्र परिवारों को पक्का मकान मुहैया कराना है। योजनांतर्गत हितग्राहियों को कुल राशि 1 लाख 20 हजार रुपये, 4 किश्तों में सीधे हितग्राही को प्रदान की जाती है। प्रथम किश्त की राशि 25 हजार रुपये स्वीकृति के पश्चात, द्वितीय किश्त की राशि 40 हजार रूपये प्लींथ स्तर, तृतीय किश्त की राशि 40 हजार रूपये छत स्तर और चतुर्थ किश्त की राशि 15 हजार रूपए पूर्ण होने पर दी जाती है। साथ ही योजनांतर्गत 90 मानव दिवस का मनरेगा मजदूरी का भुगतान किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### अवैध खनिज परिवहन में शामिल 4 वाहन जब्त



**भटगांव।** कलेक्टर डॉ. फरीहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में खनिज विभाग द्वारा भटगांव एवं बिलाईगढ़ क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान भटगाव क्षेत्र में अवैध परिवहन में संलिप्त 3 ट्रैक्टर एवं एक हाईवा अवैध परिवहन करते पाये जाने पर घटना स्थल पर ही सभी 4 वाहनों को जब्त कर आगामी कार्रवाई तक थाना प्रभारी भटगांव के सुपुर्दगी किया गया। खनिज अधिकरी एचडी भारद्वाज ने कहा कि यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं खान एवं खनिज विकास आधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत की गई है। कलेक्टर के निर्देश पर अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण की कार्रवाई आगे भी निरंतर होगी। खनिज जांच टीम में अनुराग नंद और लक्ष्मीनारायण घृतलहरे सम्मिलित थे।

### राजस्व संग्रहण : डायवर्सन शुल्क 75 लाख से अधिक राशि करायी जमा

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर चंदन कुमार के नेतृत्व में राजस्व अधिकारियों द्वारा लगातार राजस्व संग्रह पर जोर दिया जा रहा है। इसमें लंबित डायवर्सन शुल्क शासन के पक्ष में जमा कराने के लिए संबंधित व्यक्तियों एवं संस्थानों को प्रेरित किया जा रहा है। इस तारतम्य में सिमगा अनुविभाग अंतर्गत दो संस्थानों द्वारा 15 वर्षों के लिए 76 लाख 28 हजार 110 रूपये डायवर्सन भू–भाटक शुल्क जमा कराया गया है, जिसमें अल्ट्राटेक हिरमी द्वारा 64 लाख 89 हजार 10 रुपये एवं अर्थस्टील द्वारा 11 लाख 39 हजार 100 रूपये शामिल हैं। इसी तरह अब तक जिले में 15 दिनों में ही अब तक 1 करोड़ 31 लाख 73 हजार रुपये डायवर्सन शुल्क जमा कराएं जा चुके हैं। इसमें अनुविभाग बलौदाबाजार द्वारा 34 लाख, भाटापारा 12 लाख, सिमगा 85 लाख एवं कसडोल द्वारा 73 हजार रुपये शामिल हैं।

### जिला स्तरीय पंथी प्रतियोगिता 23 को, 22 तक आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार।** राज्य शासन द्वारा प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में 18 से 25 दिसम्बर के मध्य गुरु घासीदास जयंती सप्ताह के रूप में आयोजित किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में जिला स्तर पर पंथी नृत्य का आयोजन किया जायेगा। इसमें एक टीम का चयन कर राज्य स्तरीय आयोजन में चयनित दल को भाग लेने अवसर दिया जायेगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार वितरण किया जायेगा। उक्त संबंध में जिले में गरिमामय एवं सादगीपूर्ण तरीके से 23 दिसम्बर को शासकीय पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रवास बलौदाबाजार में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने आवेदन से संबंधित अधिक जानकारी के लिए संयुक्त जिला कार्यालय कमरा नंबर 86, आदिवासी विकास बलौदाबाजार में 22 दिसम्बर तक आवेदन जमा कर सकते हैं।

### स्कूलों में प्रवेश के लिए समय सारिणी जारी

बलौदाबाजार। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी विद्यालयों में प्रवेश की प्रक्रिया में शिक्षा विभाग हर वर्ष पिछड़ जाता है। इसे देखते हुए विभाग ने इस वर्ष समय से पहले ही कमर कस ली है। संचालक लोक शिक्षण ने सभी कलेक्टरों, संयुक्त संचालक और डीईओ को पत्र भेजकर कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए हैं। आरटीई के तहत नए सत्र में निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए एक फरवरी से पोर्टल में एंट्री शुरू हो रही है। वहीं छात्रों का पंजीयन 1 मार्च से 15 अप्रैल तक किया जा सकेगा।

**हादसा :** दुर्घटना के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर हुआ फरार

# ट्रैक्टर और बाइक में भिड़ंत दो की मौत और एक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

सरसीवां थानांतर्गत तेन्दुभांठा मुख्य मार्ग चर्च के पास एक ट्रैक्टर और बाइक में जर्बदस्त भिड़ंत हो गई। इस घटना में 2 युवकों की मौत मौके पर हो गई। वहीं घटना को देख ट्रैक्टर लेकर चालक फरार हो गया, जिसकी खोजबीन में पुलिस जुटी है। इस गंभीर दुर्घटना से गांव में मातम पसरा है।

सरसीवां पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बम्हनपुरी के फिरत खटकर, नीलकमल साहू और प्रमोद खटकर तीनों फिरत खटकर के ससुराल गायदरहा गए थे। वहां से तीनों सारंगढ़ की ओर से लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर चालक सरसीवां की तरफ से सारंगढ़ की ओर जा रहा था। वहीं मोटर साइकिल से बम्हनपुरी के तीनों युवक अपने घर वापस आ रहे थे, तभी चर्च के पास तेंदूभाठा में दोनों वाहन के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि 2 की मौत घटना स्थल पर ही हो गई, जबकि प्रमोद खटकर 23 साल पिता गीता राम खटकर को हल्की चोटें आई है। घटना स्थल से बम्हनपुरी की दूरी 5 किमी ही बची थी कि यह बुरी खबर घर वालों तक पहुंच गईं और घर पहुंचने के पहले ही यह घटना घट गई। घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। एक साथ 2 युवकों की मौत से गांव में गमगीन का माहौल है। मृतक युवकों में पहले का नाम फिरत खटकर 35 साल पिता जय लाल खटकर जिनका एक 5 साल का लड़का भी है तथा दूसरे का नाम नीलकमल साहू उर्फ गोलू 22 साल पिता शीतल साहू के रूप में पहचान हुई है, जिसकी शादी नहीं हुई है। घटना के बाद से ट्रैक्टर चालक फरार हो गया। सरसीवां थाना ने मामला पंजीबद्ध किया गया, जहां पुलिस जांच में जुट गई है।



# सीमेंट भरा ट्रक डिवाइडर से टकराया, सिग्नल व दीवार क्षतिग्रस्त



## पाबंदी के बाद भी नगर के भीतर से गुजर रहे भारी वाहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय होने के बावजुद नगर की बेलगाम यातायात व्यवस्था के चलते लगातार सड़क हादसे घटित होने का सिलसिला जारी है। सोमवार को देर रात सीमेंट भरकर नगर के भीतर से गुजर रही तेज रफ्तार 14 चक्के वाली ट्रक के अनियंत्रित होकर जनपद पंचायत के समीप कलेक्टोरेड मोड़ में डिवाईडर से टकरा गई। जिससे डिवाईडर में लगा यातायात सिग्नल सहित डिवाईडर की कांक्रीट दीवार का बड़ा हिस्सा टूट गया। वहीं ट्रक के केबीन का सामने वाला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत यह रही कि उस वक्त आसपास किसी के नहीं होने से जनहानि नहीं हुई, लेकिन दुर्घटना के कारण विद्युत प्रवाह बाधित होने से वैष्णव कालोनी सहित आसपास के घरो में रातभर विद्युत आपूर्ति ठप होने से निवासियों को परेशानी उठानी पड़ी। गौरतलब है कि दो दिन पूर्व ही हरिभूमि द्वारा भारी वाहनों के लिए बायपास मार्ग होने के कारण नगर के भीतर से भारी वाहनों के गुजरने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाऐ जाने का सुझाव देते हुए समाचार प्रकाशित किया गया था।

### भारी वाहनों के नगर से गुजरने पर लगे प्रतिबंध

भारी वाहनों के लिए बायपास मार्ग की सुविधा होने के बावजुद रोजाना रात्रि में शहर के भीतर से होकर गुजरने वाली भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगाने हेतु शायद प्रशासन किसी बड़े हादसे के घटित होने का इंतजार कर रही है। कुछ वर्षों पूर्व शहर के भीतर से होकर गुजरने वाली भारी वाहनों के कारण लगातार सड़क हादसे घटित होने व दर्जनों लोगों की मौत होने से व्याप्त आक्रोश के चलते जिला प्रशासन द्वारा दिन में भारी वाहनों के नगर प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया था तथा बायपास मार्ग निर्माण होने तक रात्रि में 10 से सुबह 6 बजे तक भारी वाहनों को नगर के भीतर से गुजरने की छूट दी गई थी, लेकिन बायपास मार्ग निर्माण पूर्ण होने के दो वर्षों बाद भी प्रशासन द्वारा नगर के भीतर भारी वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। इसके चलते रात्रि में नगर के भीतर से होकर गुजरने वाले अनियंत्रित भारी वाहनों से कई दुर्घटनाएं घटित हो चुकी है। सोमवार रात्रि को अनियंत्रित ट्रक के डिवाईडर से टकराने वाले स्थल के समीप सिटी कोतवाली थाना, तहसील कार्यालय, जनपद कार्यालय, सर्किट हाउस के अलावा जिला सत्र न्यायाधीस का आवास भी है तथा उक्त मार्ग जिला चिकित्सालय सहित कई आवासीय कालोनी पहुंच मार्ग होने के कारण रात्रि में भी लोगों की आवाजाही लगी रहती है।

### घर की दीवार से जा टकराया था रेत भरा ट्रक

शहर के भीतर से रात्रि में भारी वाहनों को गुजरने की प्रशासन से मिली छूट के चलते रोजाना रात्रि 10 बजते ही तेज रफ्तार सैकड़ों भारी वाहन मुख्यमार्ग पर सरपट दौड़ने लगते हैं। इस कारण पूर्व में भी कई दुर्घटनाएं घटित हो चुकी है। गत वर्ष रेत से भरी एक तेज रफ्तार हाईवा वाहन नगर के पुराने सर्किट हाउस के बगल में स्थित एक निजी आवास की दीवार से जा टकराई थी, लेकिन उस वक्त भी किसी प्रकार की जनहानि नहीं होने से बड़ा हादसा घटित होने से टल गया है।

### नाले में जा घुसी थी यात्री बस

शहर में लगातार हो रहे सड़क हादसों से आम जनता में डर का माहौल है। बता दें कि इस घटना के ठीक एक दिन पूर्व ही पलारी में एक तेज रफ्तार यात्री बस नाले में जा घुसी थी, जिसमें छह यात्री घायल हो गए थे। वहीं उसके एक दिन पूर्व ही ग्राम रवान में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। इस तरह लगातार हो रही घटनाएं कही ना कही आरटीओ और यातायात की प्रशासनिक कसावट की अक्षमता को प्रदर्शित करती दिखाई दे रही है।

## अगहन माह का अंतिम गुरुवार आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

अगहन माह का अंतिम गुरुवार आज है। अंचल में इसे अगहन बृहस्पत भी कहते हैं। कार्तिक माह के समाप्त होते ही अगहन माह प्रारंभ होता है, जहां लोक मान्यता व अपने संस्कृति के अनुसार महिलाएं धन की देवी मां लक्ष्मी को विराजित कर एवं कलश स्थापित कर पुरे माह उपासना करते हुए अपने परिवार की सुख समृद्धि व धन धान्य की कामना करती हैं। ऐसी मान्यता है कि अगहन माह के प्रत्येक बुधवार को घर की साफ सफाई कर चावल के आंटे का घोल बनाकर घर के मुख्य द्वार से पूजा स्थल तक मां लक्ष्मी के पद चिन्ह बनाएं जाते हैं। रात्रि में माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना कर गुरुवार की सुबह व्रत रखते हुए विधि विधान से पूजा कर मंगल आरती करने के पश्चात मुख्य द्वार में दीप जलाए जाते हैं तथा विभिन्न पकवान बनाकर भगवान को भोग लगाते हैं। ऐसी मान्यता है कि इस दिन घर में झाड़ लगाना व पैसे खर्च करना वर्जित हैं। महिलाओं द्वारा इस तरह की जाने वाले उपासना से उनकी मनोकामनाएं पूरी होती है।

- परिवार की सुख समृद्धि व धन धान्य की कामना के लिए लक्ष्मी माता की उपासना करती हैं महिलाएं।



### ओपन स्कूल के परीक्षा फॉर्म 30 दिसंबर तक भरे जाएंगे

**खरोरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय–कनकी, विकासखंड–तिल्दा में छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल की परीक्षा फॉर्म 1 से 30 दिसंबर तक भरे जाएंगे। इसकी परीक्षा मार्च-अप्रैल में होगी। सत्र 2023–24 के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनकी को छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल परीक्षा का केंद्र बनाया गया है, जिसमें तिल्दा विकासखंड एवं आसपास कि ऐसे छात्र जो कक्षा नवमीं, दसवीं या 12वीं की परीक्षा नियमित रूप से देने में असफल रहे हैं वे इसमें अपना आवेदन कर कक्षा 10वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण कर सकते हैं। इसके लिए परीक्षार्थी को स्वयं विद्यालय में उपस्थित होकर निर्धारित प्रपत्र में अपना आवेदन एवं शुल्क जमा करना होगा।

## भागवत कथा का शुभारंभ आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुडा

नगर में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। भागवत कथा का आयोजन सुनाराम साहू द्वारा किया जा रहा है। कथा की शुरुआत अगहन शुक्ल पक्ष 21 दिसंबर गुरुवार से कलश यात्रा के साथ होगी। इसके बाद वेदी पूजन गोकर्ण पूजा की जाएगी। भागवत कथा का समापन परीक्षित मोक्ष चढ़ोतरी, तुलसी वर्षा, सहस्त्र धारा के साथ 29 दिसंबर को होगा। भागवत कथा रोजाना 2 से शाम हरि इच्छा तक चलेगी। कथा वाचक पंडित डॉ. प्रेम नारायण शर्मा होंगे।



### खमरिया में गुरु घासीदास जयंती 25 को

**बलौदाबाजार।** ग्राम पंचायत खमरिया में इस वर्ष भी गुरु घासीदास बाबा की जयंती 25 दिसंबर को रखी गई है। इसमें दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक सतनाम शोभा यात्रा एवं शाम 6 बजे से ध्वजा रोहन एवं 7 से 10 बजे तक पंथी नृत्य एवं 10 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। आयोजक समिति सतनाम दल सेवा समिति ग्राम खमरिया उबारन मांडले, विनोद कुमार बंजारे, जीत सोनवानी, माखन लाल, राजेश मरकाम, विकास मलहरे, चेतन साहू एवं समस्त ग्राम खमरियावासियों को कार्यक्रम में शामिल होने आमंत्रित किया है।

इस यात्रा में केंद्रीय योजनाओं की जानकारी के साथ पात्र हितग्राही हो रहे लाभान्वित

# जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा का सिलसिला जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर चंदन कुमार के मार्गदर्शन में बलौदाबाजार–भाटापारा जिले में 16 दिसंबर से शुरू हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा निरन्तर जारी है। संकल्प यात्रा अन्तर्गत शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विशेष रूप से केंद्रीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया जा रहा है। इस शिविर को लेकर लोगों में उत्सुकता बढ़ी है और बड़ी संख्या में लोग शामिल हो रहे है। इसी कड़ी में मंगलवार 20 दिसम्बर को बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सेम्हारडीह और रिसदा में शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बहुतायत संख्या में लोग उपस्थित थे। शिविर में पात्र हितग्राहियों का पंजीयन सहित योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इसके साथ ही ग्राम पंचायत रिसदा और कोकड़ी को ओडीएफ प्लस मॉडल गांव के तहत अभिनन्द पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी–कर्मचारी, हितग्राही एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

सेम्हारडीह में शासकीय हाई स्कूल मैदान में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक शिविर आयोजित किया गया, वहीं रिसदा के बाजार चौक में दोपहर 2 से अपरान्ह 5 बजे तक शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 32 लोगों को आयुष्मान कार्ड वितरित किया गया, जबकि 20 लोगों का पंजीयन किया गया। मेरी कहानी मेरी जुबानी अन्तर्गत ग्राम भरूवाडीह के बाबूलाल भारद्वाज, रिसदा की श्यामा ध्रुव ने प्रधानमंत्री आवास योजना, भगवती जायसवाल, भारती साहू, गजेश्वरी तिवारी ने स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत अपने अपने अनुभव साझा किए।




### डमरू और लटुवा में शिविर आज

विकसित भारत संकल्प यात्रा अन्तर्गत 21 दिसम्बर बुधवार को बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम पंचायत डमरू और लटुवा में शिविर आयोजित होंगे। डमरू में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक शासकीय हाई स्कूल मैदान में शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें ग्राम पंचायत डमरू, नयापारा एवं तराशिव के लोग शामिल होंगे। वहीं ग्राम पंचायत लटुवा में दोपहर 2 से अपरान्ह 5 बजे तक शासकीय मैदान में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में ग्राम पंचायत लटुवा, झोंका एवं मोहतरा के ग्रामीण शामिल होंगे।


पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

# विधायक निधि का सालाना फंड की बची राशि नवनिर्वाचित विधायक करेंगे खर्च, आज-कल में होगी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वित्तीय वर्ष 2023-24 में पूर्व विधायकों को राज्य सरकार से विकास कार्यों पर खर्च के लिए मिलने वाली 4 करोड़ रुपए की सालाना विधायक निधि की राशि में 34 प्रतिशत कटौती की गई थी। विधानसभा चुनाव को लेकर अक्टूबर में आचार संहिता लगना था। इसे देखते हुए प्रत्येक विधायक को चुनावी साल में 9 महीने के हिसाब से 2 करोड़ 63 लाख 66 हजार रुपए की विधायक निधि जारी की गई थी, वहीं 3 माह की शेष राशि 1 करोड़ 36 लाख 34 हजार रुपए को नए विधायकों के लिए आरक्षित रखा गया था। चुनाव हुए पखवाड़ेभर से ज्यादा समय बीत चुका है, वहीं नए विधायकों ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा की सदस्यता भी ग्रहण कर ली है। इसके साथ ही अब विधायक निधि की बची राशि भी जारी होनी है। योजना एवं सांख्यिकी विभाग के अधिकारियों के अनुसार यह राशि आज-कल में जारी हो सकती है। इसके बाद नए विधायक भी यह राशि अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों पर खर्च कर पाएंगे।

### फंड जारी होते ही नए विधायक भेज पाएंगे अनुशंसा पत्र

विधायक निधि फंड जारी होते ही नए विधायक भी अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में विधायक निधि राशि से नए विकास कार्यों को मंजूरी देकर योजना एवं सांख्यिकी विभाग से स्वीकृति दिलाने अनुशंसा पत्र भेज पाएंगे।

## प्रत्येक विधायक को 1 करोड़ 34 लाख रुपए का फंड मिलेगा

### विधायक निधि में प्रभारी मंत्री का भी फंड समाहित

विधायक निधि के सालाना फंड में प्रभारी मंत्री का फंड भी समाहित रहता है। सालाना विधायक निधि के कुल फंड में 25 प्रतिशत राशि प्रभारी मंत्री के नाम पर जारी की जाती है। इस राशि को किसी भी विकास कार्य पर खर्च करने के लिए विधायक को प्रभारी मंत्री से स्वीकृति लेनी होती है या फिर प्रभारी मंत्री स्वयं बतौर विधायक इस फंड का उपयोग विकास कार्यों पर करते हैं।

### पुरानी गाइडलाइन के अनुसार राशि खर्च करेंगे विधायक, नए काम शामिल नहीं


वर्ष 2016 के बाद विधायक निधि की गाइडलाइन में कोई संशोधन नहीं किया गया है। अब तक पुरानी गाइडलाइन के अनुसार ही विधायक कार्यों को स्वीकृति दिलाने अनुशंसा करते आ रहे हैं। नई गाइडलाइन के लिए विधायकों ने प्रस्ताव के जरिए कई तरह के नए कामों को शामिल करने की मांग कर चुके हैं। इसमें सीसीटीवी कैमरे, वाटर फिल्टर, आरओ, स्ट्रीट लाइट, साइन बोर्ड लगाने के साथ तालाब, गार्डन का निर्माण एवं सौंदर्यीकरण तथा पुराने निर्माण भवनों की मरम्मत आदि काम भी शामिल है। विधायकों के इन प्रस्तावों में नए कामों को मंजूरी नहीं मिल पाई है। इस तरह विधायक निधि की बची शेष राशि को भी नए विधायक पुरानी गाइडलाइन के अनुसार ही विकास कार्यों पर खर्च कर पाएंगे।

### आज-कल में जारी हो जाएगा फंड

वित्तीय वर्ष 2023-24 में पूर्व विधायकों को 9 माह के लिए विधायक निधि की राशि जारी की गई थी। शेष तीन माह की राशि नए विधायकों के लिए जारी होनी है। नए विधायकों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा की सदस्यता की शपथ ले ली है। अब आज-कल में शेष विधायक निधि की राशि जारी हो जाएगी।

**- अमृत विकास टोपनो**
**संचालक, योजना एवं सांख्यिकी**

## खबर संक्षेप



### अटल की जयंती पर 25 से साप्ताहिक स्वच्छता अभियान

**रायपुर।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप मनाया जाएगा। इसके तहत जिले के सभी नगरीय निकायों एवं पंचायतों में 25 दिसंबर से एक सप्ताह तक स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चलाया जाएगा। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने मंगलवार को समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक लेकर जिले में सुशासन दिवस की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। सुशासन दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ 25 दिसंबर को सुबह 10 बजे अटल चौक से होगा। यहां आयोजित कार्यक्रम के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर जनप्रतिनिधि माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करेंगे। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी-कर्मचारी सहित आम लोग सुशासन स्थापित करने संकल्प भी लेंगे। कलेक्टर ने इस कार्यक्रम के लिए जिले में सभी तैयारियां अगले तीन दिनों में पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### सफल रणनीतिकार और वीर योद्धा थे छत्रपति शिवाजी महाराज



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के पदाधिकारियों द्वारा प्रतिमाह के 19 तारीख को छत्रपति शिवाजी महाराज की महाआरती की जाती है। मंगलवार को देर शाम हुई शिवाजी महाराज की महाआरती के मुख्य अतिथि, मंडल के आजीवन सभासद विद्यासागर राजिमवाले रहे। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज कुशाग्र बुद्धि, कुशल शासक, सफल रणनीतिकार और वीर योद्धा थे। शिवाजी महाराज में मुगलों का साहसपूर्वक सामना करने और कम संख्या बल के बावजूद उनको परास्त करने का सामर्थ्य था। शिवाजी को उनकी वीरता, रणनीति और नेतृत्व के कारण ही छत्रपति की उपाधि मिली थी। इसी दौरान मंडल अध्यक्ष अजय काले ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के कुशल नेतृत्व एवं रणनीति का महत्वपूर्ण उदाहरण तो यह है कि उन्होंने आदिलशाह की कैद से कुशलतापूर्वक अपने पिता शाहजी महाराज को निकाला। साथ ही आदिलशाह के दो किलों पर भी कब्जा किया। महाआरती के कार्यक्रम में श्याम सुंदर खंगन, सचिन चेतन दंडवते, संत ज्ञानेश्वर स्कूल के सह प्रभारी परितोष डोनगांवकर, महाराष्ट्र नाट्य मंडल के निर्देशक अनिल काले, सचेतक रविंद्र ठेंगड़ी, अतुल गिर्हे समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

### पीएससी घोटाले की जांच की मांग, सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के शिक्षित युवा बेरोजगारों के एक संघ 'छत्तीसगढ़ प्रतियोगी अभ्यर्थी मंच' ने मंगलवार को वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल को ज्ञापन सौंपकर पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच करने की मांग की है। साथ ही पीएससी राज्य सेवा परीक्षा में प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा में ओएमआर गोपनीय कोड को गायब कर घर से उत्तर पुस्तिकाएं तैयार कराने का षडयंत्र रचने सहित अन्य गड़बड़ियों के लिए पीएससी के अधिकारियों, सदस्यों और अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई करने की भी मांग की है। साथ ही मंच ने वर्ष 2020 में सामान्य प्रशासन विभाग से जारी आदेश को भी रद्द करने की मांग की है, जिसमें एससी, एसटी, ओबीसी और महिला वर्ग की आयुसीमा को घटाने का आरोप लगाया गया है। मंच के ज्ञापन में व्यापम की परीक्षाओं से छत्तीसगढ़ की सामान्य ज्ञान को 50% की जगह 10% किए जाने का मुद्दा भी उठाया गया है।

## निजी भूमि पर बिना अनुमति दुकान, नगर निगम ने ढहाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम अमले ने मंगलवार को भारत माता चौक के पास निजी जमीन पर नगर निगम की अनुमति लिए बिना बनाई गई दुकानों को तोड़ गिराया। संत रामदास वार्ड में नोटिस के बाद भी बिना अनुमति दुकान बनाने वाले ने दुकान नहीं हटाई, इस पर जोन 7 की टीम ने अवैध दुकानों को थ्रीडी मशीन से ध्वस्त करने की कार्रवाई की।

दरअसल, नगर निगम जोन 7 कमिश्नरी क्षेत्र के गुढ़ियारी के भारतमाता चौक के पास एक नागरिक द्वारा अपनी 1200 वर्गफीट प्राइवेट जमीन पर बिना अनुमति के 2 अवैध दुकानें बना ली गईं। नगर निवेश अमले ने संबंधित निर्माणकर्ता को इसके लिए पूर्व में नोटिस देकर स्वतः निजी भूमि से अवैध निर्माण हटाने की हिदायत दी। नोटिस की अनदेखी किए जाने पर नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर जोन 7 कमिश्नर जसदेव सिंह बांबरा के नेतृत्व में कार्यपालन अभियंता रघुमणि प्रधान की उपस्थिति में निगम अमले ने जन शिकायत का स्थल पर निराकरण कर थ्रीडी मशीन व श्रमिकों की सहायता से अवैध दुकानें तोड़ गिराईं।

### नया प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद होगा कार्यकारिणी में भी बड़ा बदलाव

# कैबिनेट में विस्तार के बाद बदला जाएगा भाजपा का प्रदेशाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद अब पहले कैबिनेट के विस्तार की तैयारी चल रही है। कैबिनेट में कुछ पुराने के साथ नए चेहरों को भी रखने की बात सामने आ रही है। कैबिनेट विस्तार के बाद इसी माह या फिर जनवरी के पहले सप्ताह में भाजपा संगठन में प्रदेशाध्यक्ष भी बदला जाएगा। इसके लिए चार दावेदारों के नाम सामने आ रहे हैं। अध्यक्ष के नाम को लेकर दिल्ली में मंथन भी हो चुका है। वहां से इसकी घोषणा ही बाकी है। नया अध्यक्ष बनने के बाद कार्यकारिणी में भी बदलाव होगा। वैसे भी विधानसभा चुनाव में प्रदेशाध्यक्ष के साथ ही तीन महामंत्री और तीन उपाध्यक्ष भी चुनाव जीत चुके हैं। इनके स्थान पर नए चेहरों को मौका दिया जाएगा। इसी के साथ कुछ और भी बदलाव संभव है।

विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और बिलासपुर के सांसद अरुण साव को लोरमी से टिकट दिया गया था और वे वहां से भारी मतों से जीते। चुनाव जीतने के बाद वे मुख्यमंत्री पद के भी दावेदार थे, लेकिन उनको यह पद तो नहीं मिला, लेकिन उनको डिप्टी सीएम बनाया गया है। जल्द ही उनको प्रदेशाध्यक्ष का पद छोड़ना पड़ेगा। उनके स्थान पर अब नए अध्यक्ष की तलाश प्रारंभ हो गई है। एक संभावना यह जताई जा रही है कि ओबीसी के स्थान पर ओबीसी अध्यक्ष ही रखा जाएगा।

**प्रदेशाध्यक्ष के लिए चार दावेदारों के नाम आ रहे हैं सामने**

**कार्यकारिणी में भी होगा बदलाव**



### बदले जाएंगे कई पदाधिकारी

*भाजपा प्रदेश संगठन के तीन महामंत्री केदार कश्यप नारायणपुर, विजय शर्मा कवर्धा और ओपी चौधरी रायगढ़ से चुनाव जीते हैं। ऐसा पहली बार हुआ जब संगठन के तीनों महामंत्री चुनाव लड़े और जीते भी। इसी के साथ प्रदेश मंत्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव को कोटा से मैदान पर उतारा गया, लेकिन वे चुनाव हार गए। चार उपाध्यक्षों सरला कोसरिया को सरायपाली, उधेश्वरी पैकरा को सामरी, लखन देवांगन को कोरबा और मोतीलाल साहू को रायपुर ग्रामीण से चुनाव लड़ाया गया। इसमें से सरला कोसरिया को छोड़कर बाकी तीनों उपाध्यक्ष चुनाव जीते हैं। ऐसे में विधायक बनने वाले पदाधिकारियों के स्थान पर जहां नए पदाधिकारी बनाए जाएंगे, वहीं नए प्रदेशाध्यक्ष कार्यकारिणी में और भी कुछ फेरबदल कर सकते हैं। कोई भी फेरबदल सबकी सहमति के साथ केंद्रीय नेतृत्व की मंजूरी से होगा।*

### ये हैं दावेदार

नए अध्यक्ष के लिए ओबीसी वर्ग से ही तीन दावेदारों के नाम चल रहे हैं। पहले नंबर पर दुर्ग के सांसद और पाटन से भूपेश बघेल के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले विजय बघेल का नाम है। इसी के साथ पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण सिंह चंदेल और विधायक अजय चंद्राकर का नाम है। सामान्य वर्ग से राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडेय का भी नाम है। नए अध्यक्ष को लेकर दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री अमित शाह के साथ प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी नितिन नवीन, प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और पवन साय का मंथन भी हो चुका है। बस कैबिनेट के विस्तार का इंतजार है। इसके बाद कभी भी नए प्रदेशाध्यक्ष के नाम का भी ऐलान हो सकता है।

## लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन 33 कलेक्टरों को देगा ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। चुनाव को लेकर देश के कलेक्टरों को ट्रेनिंग दी जा रही है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के कलेक्टरों को भी ट्रेनिंग के लिए दिल्ली बुलाया गया है। राज्य के 33 कलेक्टरों को 3 बैच में दिल्ली में दो दिन की ट्रेनिंग दी जाएगी। लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारियों को ट्रेनिंग दी जा रही है। छत्तीसगढ़ के जिन जिला कलेक्टरों को ट्रेनिंग दी जानी है, उनमें पहले बैच की ट्रेनिंग के लिए बीजापुर, नारायणपुर, सरगुजा, जशपुर, बिलासपुर, गौरेला-पेंड्रा- मरवाही, रायपुर, गरियाबंद, राजनांदगांव, कबीरधाम और सूरजपुर के कलेक्टरों को 21 व 22 दिसंबर को होने वाली ट्रेनिंग में दिल्ली बुलाया गया है। 6 व 27 दिसंबर को दूसरे बैच के कलेक्टरों की ट्रेनिंग होगी। इसमें दंतेवाड़ा, कोंडागांव, कोरबा, कोरिया, रायगढ़, सक्ती, धमतरी, बालोद, खैरागढ़, बेमेतरा और बलरामपुर कलेक्टरों की ट्रेनिंग होगी। 28 व 29 दिसंबर को तीसरे और अंतिम बैच में बस्तर, कांकेर, सुकमा, मनेंद्रगढ़, जांजगीर-चांपा, मुंगेली, बलोदाबाजार और महासमुंद के कलेक्टर शामिल होंगे।




- 21 से 29 तक दिल्ली में दी जाएगी

## किसानों को दो साल का बोनस देने की तैयारी, मुख्य सचिव ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने मंगलवार को राजधानी रायपुर स्थित चिप्स कार्यालय में अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक ली। यह बैठक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के परिपालन में राज्य के किसानों की बकाया धान बोनस की राशि के भुगतान की तैयारियों के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों और जिला कलेक्टरों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने के लिए आयोजित हुई। बताया गया है कि किसानों का दो साल का बकाया बोनस करीब 3700 करोड़ रुपयों का है।



### 25 को बांटी जाएगी राशि

मुख्य सचिव ने राज्य में समर्थन मूल्य पर जारी धान खरीदी के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने आगामी 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले सुशासन दिवस की तैयारियां और घोषणापत्र के परिपालन में दो वर्ष की बकाया धान बोनस राशि वितरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए।

### सभी कलेक्टर शामिल हुए बैठक में

मुख्य सचिव ने राज्य के सभी जिला कलेक्टरों को इस संबंध में आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को विशेष अभियान चलाकर लाभान्वित करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू सहित सभी विभागीय सचिव व वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## 25 को सुशासन दिवस, सभी जिलों जनपद और ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर सुशासन दिवस के रूप में राज्य के सभी जिलों एवं ग्राम पंचायतों में मनाई जाएगी। राज्य शासन द्वारा सुशासन दिवस 25 दिसंबर 2023 के पूर्व ग्राम पंचायतों में पहले से निर्मित अटल स्तंभ की साफ-सफाई आवश्यक मरम्मत आदि कराने के निर्देश दिए गए हैं। सुशासन दिवस के दिन निर्वाचित जनप्रतिनिधि और आम नागरिक, ग्राम तथा ग्राम पंचायत में सुशासन स्थापित करने का संकल्प भी लेंगे। इसी क्रम में ग्राम और ग्राम पंचायतों में 25 दिसंबर से आगामी एक सप्ताह तक स्वच्छता अभियान संचालित किया जाएगा।

### किसानों को बंटेगी बोनस की राशि

सुशासन दिवस के अवसर पर राज्य के किसानों को धान के बोनस की बकाया राशि भी बांटी जाएगी। भाजपा ने चुनावी घोषणापत्र में वादा किया था कि वर्ष 2014 से 2016 के धान का बकाया बोनस जारी किया जाएगा। राज्य के 22 लाख 82 हजार किसानों को कुल मिलाकर 3 हजार 700 करोड़ रुपए वितरित किए जाने हैं।

### एसीएस ने जारी किए निर्देश

छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने राज्य के सभी कलेक्टर और मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सुशासन दिवस के आयोजन के संबंध में दिशा-निर्देश दिए हैं। सुशासन दिवस 25 दिसंबर 2023 को आयोजित कार्यक्रम में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों की उपस्थिति में प्रातः 10 बजे अटल चौक से प्रारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर अटल चौक में स्वर्गीय वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर, दीप प्रज्ज्वलन के बाद उपस्थित निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता द्वारा ग्राम तथा ग्राम पंचायत में सुशासन स्थापित करने का संकल्प भी लिया जाएगा।

## कांग्रेस विधायक दल राज्यपाल के अभिभाषण के बाद बनाएगा आक्रामक रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




कांग्रेस विधायक दल की पहली बैठक नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के निवास पर हुई। बैठक में नए सदस्यों को पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे ने विधानसभा की कार्यवाही के बारे में बताया। बैठक में यह तय किया गया कि नई सरकार का पहला सत्र है। सत्र के दौरान राज्यपाल के अभिभाषण में सरकार कौन-कौन से मुद्दों को सदन में रखेगी। उसके बाद आगे की रणनीति तैयार की जाएगी।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बताया कि कल ही विधानसभा में राज्यपाल का अभिभाषण आने वाला है। अभिभाषण सरकार का आईना होता है। वहीं प्रथम अनुपूरक अनुमान पेश किया जाएगा। उसमें कौन-कौन से मामलों के लिए राशि का प्रावधान किया जाता है, उसे देखकर कांग्रेस विधायक दल अपनी रणनीति तैयार करेगा। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार मोदी की गारंटी को किस तरह से लागू करेगी, इसे देखकर ही आगे की आक्रामक रणनीति विधायक दल ने बनाई है। बुधवार को अभिभाषण और बजट पेश होने के बाद बैठक कर तय किया जाएगा। विषय के अनुसार विधायकों को किन मामलों में बोलना है यह तय किया जाएगा। उन्होंने नए सदस्यों को भी सदन में उठाए जाने वाले मामलों को लेकर हिदायद दी।

### किसान आत्महत्या का मामला उठेगा

नारायणपुर में एक किसान की आत्महत्या के मामले को कांग्रेस विधानसभा में उठाएगी। तीसरे दिन किसान का मामला उठने पर सदन के हंगामेदार होने की संभावना है। बताया गया है कि अभिभाषण और बजट की चर्चा में यह मामला कांग्रेस प्रमुखता से उठाएगी।

## डॉ. रमन को संसदीय परंपरा का लंबा अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने पर मुख्यमंत्री, भाजपा विधायकों एवं कांग्रेस विधायकों ने बधाई देते हुए अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही कहा कि उनके अनुभवों का लाभ सदन को मिलेगा।

### रमन का आशीर्वाद और मार्गदर्शन मुझे लगातार मिला- साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने डॉ रमन सिंह को सर्वसम्मति से विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने पर सदन में बधाई देते हुए कहा, डॉ. सिंह प्रदेश के तीन बार मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक और केंद्रीय मंत्री रहे हैं। मेरा सौभाग्य है कि इनका आशीर्वाद और मार्गदर्शन मुझे लगातार मिलता रहा है। उन्हें संसदीय परंपराओं और विधि विधायी कार्यों का लंबा अनुभव है। उनके अनुभवों का लाभ इस सदन को मिलेगा। उन्होंने डॉ. रमन सिंह की सहज, सरल और सौम्य छवि, सबको साथ लेकर चलने की विशेषता का भी उल्लेख किया।



### अपने दायित्व का ईमानदारी से निर्वहन करूंगा- रमन



नव निर्वाचित विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि पहली बार निर्वाचित होकर आए विधायकों की संख्या 50, दूसरी बार चुनकर आए विधायकों की संख्या 15 तथा तीसरी बार चुनकर आए विधायकों की संख्या 10 है। इस बार 19 महिला विधायक चुनकर आई हैं, जो कि कुल विधायकों की संख्या का 20 प्रतिशत है। आप सब को विश्वास दिलाता हूं कि विधानसभा अध्यक्ष के दायित्व का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करते हुए पूरी निष्पक्षता के साथ सदन का संचालन करने में अपनी भूमिका निभाऊंगा।

### विपक्ष की ओर देंगे ध्यान ऐसी अपेक्षा- महंत

रमन सिंह को छत्तीसगढ़ विधानसभा का अध्यक्ष चुने जाने के बाद नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने उनके सम्मान में कई बातें कही। उन्होंने कहा, आज आप जहां पर बैठे हैं, वो मेरा अतीत है, आज मैं यहां हूं, ये मेरा वर्तमान है। वर्तमान का हमेशा अतीत के प्रति आदर और सद्भाव रहेगा। हम सब आपके स्वभाव को जानते हैं, आप एक बेहतर इंसान हैं। छत्तीसगढ़ की आपने 15 साल तक सेवा की है। ये हम सबने देखा है आपका छत्तीसगढ़ के लोगों के बीच प्रभाव प्रशंसनीय रहा है। मैं आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। हमने अपने कार्यकाल के दौरान आधे से ज्यादा समय विपक्ष को दिया, इसलिए आपसे अपेक्षा रखते हैं कि इस बात का ध्यान रखेंगे।



### इन लोगों ने भी दी बधाई

मुख्यमंत्री के साथ बृजमोहन अग्रवाल, अजय चंद्राकर, राजेश मूणत, धर्मजीत सिंह, कवासी लखमा, उमेश पटेल, राम कुमार, प्रबोध मिंज, अनुज शर्मा एवं सुशांत शुक्ला ने भी अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए बधाई प्रेषित की।

### कस्टम मिलिंग के लिए भी धान का उठाव जारी

# साढ़े आठ लाख किसानों ने अब तक बेचा 38.88 लाख मीट्रिक टन धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में 1 नवंबर से शुरू हुई न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के बाद अब तक प्रदेश में साढ़े 8 लाख किसानों ने 38.88 लाख मीट्रिक टन धान बेचा है। जानकारों का कहना है कि पिछले वर्षों की तुलना में इस बार धान खरीदी की रफ्तार कम है। खेती-किसानी से जुड़े लोगों का ये कहना भी है, इस बार हर सोसाइटी के लिए धान खरीदी की दैनिक लिमिट तय किए जाने के कारण ये स्थिति बनी है।

खाद्य विभाग के अनुसार अब तक राज्य के 8 लाख 55 हजार से अधिक किसानों से 38 लाख 88 हजार मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई है। किसानों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष 2 हजार 739 धान उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। धान खरीदी के एवज में किसानों को भुगतान के लिए मार्कफेड द्वारा अपेक्स बैंक को अब तक कुल 9 हजार 463 करोड़ रुपए जारी किया गया है। राज्य शासन के निर्देशानुसार खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की व्यवस्था पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है।



### 130 लाख टन खरीदी का है लक्ष्य

राज्य में इस साल 130 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है। धान बेचने के लिए 26.86 लाख किसानों ने पंजीयन कराया है। पंजीकृत रकबा 33.15 लाख हेक्टेयर है। इस साल धान बेचने के लिए 2.59 लाख नवीन किसानों ने पंजीयन कराया है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। अब तक कुल धान खरीदी 38.88 लाख मीट्रिक टन धान में से 31.46 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके विरुद्ध मिलर्स द्वारा 22.90 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 19 दिसम्बर को लगभग 62 हजार से किसानों से 2.57 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। आज की धान खरीदी के लिए 19 हजार से अधिक टोकन जारी किए गए थे।

## खबर संक्षेप



### खरोरा में मनाया गया मानव एकता दिवस

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में अंतरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस पर एक साथ एकता दिखाई। जिसमें मितानिन कौशल्या चंद्राकर, मितानिन लता चंद्राकर, भारती चंद्राकर, लक्ष्मी चंद्राकर, पांचोंबाई चंद्राकर, शकुन चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि एकता दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच एकजुटता के महत्त्व को बताने के लिए, गरीबी पर अंकुश लगाना और विकासशील देशों में मानव और सामाजिक विकास को बढ़ावा देना है। मानव एकता दिवस हर साल 20 सितंबर को मनाया जाता है।

### कोसरंगी में दत्तात्रेय प्राकट्योत्सव 25 को



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद द्वारा 25 दिसंबर सोमवार को अपराह्न 2 बजे ग्राम कोसरंगी स्थित गोस्वामी समाज भवन में दत्तात्रेय प्राकट्योत्सव पर पूजा- अर्चना का कार्यक्रम किया जाएगा। समाज के जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी ने बताया कि इसके अगले दिन 26 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से राजिम स्थित दत्तात्रेय मंदिर में प्रांत स्तरीय भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि सांसद चुन्नीलाल साहू और विशेष अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, प्रांतीय संरक्षक उमेश भारती व प्रांतीय अध्यक्ष अशोक गिरि होंगे। उपरोक्त दोनों कार्यक्रमों में समाज के सभी सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।

### सात दिवसीय आध्यात्मिक गीता प्रवचन कल से

**महासमुंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा 22 से 28 दिसंबर तक सात दिवसीय आध्यात्मिक गीता प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है। सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति ने बताया कि नगरवासियों के विषेश आग्रह पर प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी आध्यात्मिक गीता प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें सिवनी मध्यप्रदेश से आध्यात्मिक गीता प्रवचन विशेषज्ञ राजयोगिनी ब्रम्हा कुमारी शानू दीदी को आमंत्रित किया गया है। जिसमें तनाव मुक्ति शिविर एवं गीता प्रवचन संध्या 6:30 से 8:30 बजे तक होगा। बच्चे, युवा, बुजुर्गों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सुबह के सत्र में म्यूजिकल एक्सरसाइज का भी लाभ लिया जा सकेगा। 29 दिसंबर से 4 जनवरी 2024 तक संस्थान में चरित्र निर्माण के लिए सिखाए जाने वाला राजयोग अनुभूति शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने नगरवासियों से कार्यक्रम का लाभ लेने की अपील की है।

# पलायन के लिए मजदूर दलाल सक्रिय, पर कार्रवाई नहीं हो रही

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कसडोल

जिले में धान कटने के बाद एक बार फिर से रोजगार के लिए पलायन का दौर शुरू हो चुका है। रोजगार के कमी के कारण अब भारी संख्या में लोग अन्य राज्यों में ईंट भट्ठों में काम करने के लिए लगातार पलायन हो रहे हैं। जबकि पलायन को रोकने के लिए सरकार द्वारा ग्रामीण अंचलों में मनरेगा के तहत काम दिया जाता है, मगर यहां काम नहीं मिलने के कारण कसडोल क्षेत्र से रोजाना सैकड़ों लोग पलायन हो रहे हैं। पलायन करने वाले लोग लेवर सरदार के झांसे में आकर पलायन कर रहे हैं। कसडोल क्षेत्र में 20 से ज्यादा लेवर सरदार सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। लगातार ये लोग ग्रामीण क्षेत्रों से भारी संख्या में लोगों का पलायन करा रहे हैं, मगर इन पर जिम्मेदार लेवर इंस्पेक्टर या फिर पुलिस विभाग कोई भी कार्यवाही नहीं करते नजर आ रहे है। आपको बता दे कि मंगलवार को छांछी बस स्टैंड से दर्जनभर से ज्यादा लोगों को तीजराम नामक लेवर सरदार ने ईंट भट्ठों में काम करने के लिए इलाहाबाद के लिए सवारी गाड़ी में बैठाकर बिलासपुर की ओर पलायन कराया। इनमें से एक पलायन करने वाले टेमरी निवासी रूपसिंह ने बताया की हम लोगों को तिजराम विश्वकर्मा नामक लेवर सरदार के माध्यम से प्रयागराज के सी पेटल के यहां ईंट भट्ठों में काम करने के लिए लेकर जा रहे। हम लोगों को जोड़ी में 65 हजार रुपया दिया गया है। तीजराम विश्वकर्मा 3 सालों से हमको काम करने के लिये लेकर जाते हैं। सूत्रों की माने तो तिजराम विश्वकर्मा भारी सक्रिय लेवर सरदार है, जो कसडोल क्षेत्र से रोजाना लोगों को प्रलोभन देकर पलायन करा रहे हैं, लेकिन श्रम विभाग के सुस्त अधिकारी और लेवर इंस्पेक्टर पलायन रोकने में नाकामयाब नजर आ रहे हैं। श्रम विभाग के अधिकारियों को लोगों का पलायन होने से उन्हें कोई लेना देना नहीं है, जिसकी वजह से लेवर सरदार बेख़ौफ़ और बिना लाइसेंस अपने काम को अंजाम दे रहे हैं। कसडोल क्षेत्र में कभी भी लेवर सरदारों पर कार्यवाही देखने को नहीं मिली। सूत्रों से यह भी जानकारी मिली है कि लेवर सरदार जिन रास्तों से लेवर लेकर गुजरते उन रास्तों में पढ़ने वाले सभी थानों में पैसा देते हैं और तभी पुलिस को सूचना देने पर भी टालमटोल कर कोई कार्रवाई नहीं करते।

## श्रमिक ने कहा दलाल ने हमें इलाहाबाद के लिए सवारी गाड़ी में बैठाकर बिलासपुर की ओर पलायन कराया



### पलायन नहीं रोक पा रहा श्रम विभाग

कसडोल क्षेत्र में लगातार पलायन का दौर जारी है। पलायन की जानकारी श्रम विभाग, पुलिस विभाग एवं तमाम जिम्मेदार अधिकारियों को होने के बावजूद पलायन रोकने सुस्त नजर आ रहे। सूत्रों ने दावा किया कि ये लेबर सरदार खाखी को खरीद रखा है, तभी बेखौफ होकर मजदूरों का पलायन करवाते हैं, ताकि उनके कामों में कोई रुकावट न पैदा हो सकें। सूत्रों ने यहां तक दावा किया कि कई बार कसडोल बस स्टैंड से भी लेबर लेकर बस जाते हैं, लेकिन श्रम विभाग के उदासीनता और इसी का फायदा खाखी के लोग उठा रहे है। समाजसेवी मोतिलाल बंजारे ने जिले के संवेदनशील वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा और कलेक्टर चंदन कुमार से उक्त मामले पर संज्ञान लेकर तमाम विभागों को लाइनअप कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि सरकार की मंशा के अलावा जिले से पलायन पर कंट्रोल किया जा सकें।

### कोई रिकार्ड हो तो बताएं

मैं पूरा जिला देखता हूं आपके पास कोई रिकॉर्ड है क्या। श्रम अधिकारी से बात कर लीजिए।

**राकेश कुमार वर्मा,** उप निरीक्षक, श्रम विभाग, बलौदाबाजार

## समस्या : कहा— उद्योगों के प्रदूषण से बढ़ रही हैं बीमारियां

# प्रदूषण का कहर : उच्च न्यायालय में कोर्ट कमिश्नर ने दी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



छत्तीसगढ़ में बढ़ते प्रदूषण को लेकर दायर जनहित याचिका पर बिलासपुर हाईकोर्ट ने सुनवाई शुरू कर दी है। इसके लिए नियुक्त कोर्ट कमिश्नर ने अपनी रिपोर्ट डिवीजन बेंच में सौंपी है, जिसमें कहा गया कि प्रदेश में कई ऐसे उद्योग हैं, जहां प्रदूषण रोकने के कोई ठोस उपाय नहीं किए जा रहे हैं। उनके कामगारों में फेफड़ों से संबंधित बीमारियां हो रही हैं। इस केस की अगली सुनवाई 10 जनवरी को होगी।

छत्तीसगढ़ के औद्योगिक संयंत्रों में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के ठोस उपाय नहीं किए जाने के कारण श्रमिकों में सांस और फेफड़ों से संबंधित बीमारी बढ़ रही है, वहीं ध्वनि प्रदूषण के कारण वे श्रवण बाधा से पीड़ित हो रहे हैं। इस मुद्दे को लेकर हाई कोर्ट में जनहित याचिका पर सुनवाई चल रही है। इसे उत्कल सेवा समिति, लक्ष्मी चौहान, गोविंद अग्रवाल, अमरनाथ अग्रवाल व अन्य ने अलग–अलग दायर की है। हाई कोर्ट ने भी इस मामले में स्वतरू संज्ञान लिया है।

कोर्ट कमिश्नरों ने प्लांटों का किया दौरा

इस मामले की सुनवाई के दौरान सुनवाई के दौरान कोर्ट कमिश्नर की नियुक्ति की गई थी। इसमें अधिवक्ता प्रतीक शर्मा, अपूर्व त्रिपाठी, संघर्ष पांडे, रजनी सोरेन, पलाश तिवारी व अन्य शामिल हैं। उन्होंने अलग–अलग जिलों में संचालित इस स्पंज आयरन, पावर प्लांट तथा सीमेंट प्लांट का दौरा कर अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट हाई कोर्ट में प्रस्तुत की है। इनमें बताया गया है कि अधिकांश बड़े उद्योग प्रदूषण नियंत्रण के लिए कोई ठोस उपाय नहीं कर रहे हैं। अब अगली सुनवाई 10 जनवरी को होगी।

### स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने पर दिया जोर

इस मामले में याचिकाकर्ताओं ने प्रदेश के बड़े उद्योगों से होने वाले भारी प्रदूषण पर कोर्ट का ध्यान दिलाते हुए कहा है कि प्रदूषण के प्रभावितों के इलाज की नियमित सुविधा और प्रदूषण को रोकने के व्यापक इंतजाम होने चाहिए। इनका आरोप है कि अधिकांश कारखाना संचालकों द्वारा गलत रिपोर्ट देकर खुद की जिम्मेदारियों से बचने का प्रयास किया जाता है।

# ग्रामीणों के लिए पाइप लाइन बनी जी का जंजाल



हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुहेला

ग्राम रवेली में नल जल योजना अंतर्गत गांव की गलियों को क्रांकिटिकरण को तोड़कर पाइप लाइन बिछाई गई है, जिसे कार्य होने पश्चात उसे क्रांकिटिकरण कर बंद कर दिए जाना था, परंतु उसे मिट्टी से ही बंद कर खुला छोड़ दिया गया है, जिससे गांव में पानी बहने के कारण कीचड़ हो रहा है। आने-जाने वाले बच्चे, बुजुर्ग, महिला, सायकिल चालक, मोटर सायकिल चालक सभी आए दिन फिसल कर गिर रहे हैं, जो चोटिल होकर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। ग्रामीण महिला अंजू यादव ने बताया की गड्ढा कर दिए हैं क्रांकिटीकरण नहीं किए हैं, जिससे कीचड़ हो रहा है। इससे बच्चे, महिला, गाय, बैल आदि गिर जा रहे हैं। यदि जल्द ढलाई नहीं की गई तो कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। ग्राम सरपंच लीलाराम ने फोन पर बताया कि लगभग नल जल कार्य 5 से 6 माह चल रहा है। कार्य आधा भी नहीं हुआ है। लगभग 40 प्रतिशत तक ही कार्य हुआ है। ठेकेदार से बात करने पर काम जल्दी होना बोला जाता है। ग्राम की मुख्य गली में पाइप लाइन के नाम पर खोदाई कर ठीक से बंद नहीं किए हैं, जिससे ग्रामवासियों को आने जाने में परेशानी हो रही है। अभी टंकी बन रही है। नल कनेक्शन लगना बाकी है, लंबा समय हो गया है। बहुत परेशानी हो रही है कार्य जल्दी होना चाहिए। ग्रामवासियों की मांग है कि समस्या का निराकरण जल्दी हो।

- घरों का पानी गली में बह रहा, कीचड़ में फंसकर गिर रहे राहगीर

# तंबाकू का सेवन छोड़ कर दीर्घायु जीवनयापन करें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मुड़पार-सरसींवां

दिन प्रतिदिन समाज में नशा के प्रति युवा आकर्षित होकर जीवन को संकट में डाल रहा हैं। सीएमएचओ डॉ. एफ आर निराला ने कहा कि तंबाकू के सेवन को छोड़कर सभी लोग दीर्घायु जीवनयापन करें। सीएमएचओ ने जानकारी दी कि तंबाकू सामान्य सा दिखने वाला एक पौधा है जिसमें निकोटिन नामक रसायन होता है जिसे नशे के रूप में उपयोग किए जाने के कारण नशीला पदार्थ बन गया है। तंबाकू में हजारों प्रकार के रासायनिक पदार्थ मिले होते हैं जो खतरनाक होते है और जानलेवा साबित हो रहे हैं। तंबाकू से बहुत जल्द लत लगने की क्षमता होती है यह आसानी से उपलब्ध हो जाती है सस्ता भी होता है। तंबाकू सेवन देश की सबसे तेजी से बढ़ती स्वास्थ्य समस्या है। इससे प्रतिवर्ष भारत वर्ष में लगभग 13 लाख लोगों की मौत हो रही है। यह देश की उत्पादकता और अर्थव्यवस्था के लिए भी एक चुनौती है। इस सबके बावजूद संतोष की बात है कि तंबाकू से होने वाले बीमारी और मौत को आसानी से रोका जा सकता है। वैसे तंबाकू पूरी दुनिया के लिए एक चिंता का विषय है। देश के साथ हमारा प्रदेश छत्तीसगढ़ ज्यादा प्रभावित है। तंबाकू उद्योग में लगे लोग तरह-तरह के हथकंडे अपना कर खास तौर पर बच्चों और युवाओं को अपने उत्पाद के प्रति आकर्षित करते हैं। हमें उद्योगपतियों के इस हथकंडे से अपने बच्चों आम युवाओं को बचाने की जरूरत है।

### कोटपा एक्ट की मार्गदर्शिका



धारा 4 सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान निषेध उल्लंघन करने पर 200 रुपए जुर्माना दंड का भुगतान करने से इंकार करने पर हिरासत में लिया जा सकता है। धारा 5 सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद के विज्ञापन का निषेध। उल्लंघन करने पर प्रथम बार उल्लंघन करने पर 1000 रुपए या 2 वर्ष की कारावास या दोनों। द्वितीय बार उल्लंघन करने पर 5000 रुपए या 5 वर्ष की कारावास। धारा 6 कोई भी व्यक्ति सिगरेट तथा अन्य तंबाकू उत्पाद की बिक्री, बिक्री के लिए प्रस्थापना तथा बिक्री की अनुमति नहीं देगा। इसके दो भाग है। 'धारा 6' ऐसे व्यक्ति को या उसके द्वारा जिसकी आयु 18 वर्ष कम हो तथा धारा 6 इ' ऐसे क्षेत्र में जो किसी शैक्षणिक संस्थान की 100 गज की परिधि में हो उल्लंघन करने पर 200 रुपए की दंड। इसका पालन नहीं करने पर हिरासत में लिया जा सकता है। धारा 7 सभी तंबाकू उत्पाद की पैकिंग पर सचित्र स्वास्थ्य चेतावनी। पहली बार उल्लंघन करने पर 5000 रुपए या 2 वर्ष की कारावास। दोहराए जाने पर 10000 रुपए या 5 वर्ष का कारावास का प्रावधान है। यह सब दंड निर्माता के उपर होंगे। ऐसे ही कार्यवाही विक्रेता अथवा वितरक पर भी हो सकती है, जिसमे प्रथम बार अपराध करने पर 1000 रुपए या 1 वर्ष के कारावास या दोनों हो सकते हैं। वहीं दोहराए जाने पर 3000 अथवा 2 वर्ष का कारावास हो सकता है।

### छत्तीसगढ़ के 8 प्रतिशत छात्र इसकी चपेट में

तंबाकू नियंत्रण के प्रयासों को गति देने के लिए भारत सरकार द्वारा वर्ष 2007 और 2008 में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम एनटीसीपी की शुरुवात की गई थी, जिसके अंतर्गत तंबाकू नियंत्रण अधिनियम कोटपा एक्ट 2003 को प्रभावी ढंग से लागू करने की प्रयास हुआ है, जिसके अंतर्गत विद्यालयों में जागरूकता अभियान चला कर विभिन्न प्रकार के प्रचार-प्रसार के माध्यम से तंबाकू के उपयोगकर्ता को परामर्श करके इसकी उपयोगिता को कम करने का बीड़ा उठाया है। डबल्यूएओ एवं भारत सरकार द्वितीय ग्लोबल एडल्ट टोबैको सर्वे 2017 के अनुसार भारत वर्ष में 28.6 प्रतिशत वयस्क लोगों द्वारा तंबाकू का उपयोग अनेक तरह से किया जा रहा है, जिसमें 42.4 प्रतिशत पुरुष एवं 14.2 प्रतिशत महिलाओं के द्वारा उपयोग किया जा रहा है। यदि छत्तीसगढ़ के संदर्भ में देखे तो 39.1 प्रतिशत वयस्क लोग उपयोग कर रहे हैं, जिसमें 53.7 प्रतिशत पुरुष और 24 .6 प्रतिशत महिला तंबाकू का सेवन कर रहे है। इसमें 36 प्रतिशत लोग तंबाकू को चबाने वाले के रूप में लेते हैं। ग्लोबल एडल्ट टोबैको वर्ष 2019 के अनुसार भारत वर्ष में 13 से 15 वर्ष के 8. 6 प्रतिशत छात्र तंबाकू को किसी न किसी रूप में उपयोग कर रहे हैं, जबकि छत्तीसगढ़ में 8 प्रतिशत छात्र उपयोग कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में 5 .7 प्रतिशत बालिका एवं 10.5 प्रतिशत बालक तंबाकू का उपयोग कर रहे हैं। इसमें 7. 5 प्रतिशत शहरी एवं 8.1 प्रतिशत छात्र ग्रामीण अंचल के होते हैं। हैरान करने वाली बात है कि 13 से 15 वर्ष के शाला प्रवेशी बच्चों में तंबाकू उपयोग प्रारंभ करने की औसत उम्र 7.3 वर्ष है।

# गुरु घासीदास बाबा के संदेश से ही समाज का उत्थान संभव : महेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



स्थानीय वार्ड नंबर 11 में गुरु घासीदास बाबा की जयंती मनाई गई। सफरा माता समिति द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के प्रतिनिधि के रूप में पार्षद महेंद्र जैन बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पार्षद मीना वर्मा, राजेंद्र चंद्राकर, अरविंद प्रहरे, सीता टोंडेकर, टोमन सिंह कागजी एवं ग्राम खैरा के सतनाम गुरु राजेंद्र रात्रे उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि महेंद्र जैन द्वारा जैतखाम में पालो चढ़ाने का कार्य पूरा किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि के आसंदी से समाजजनों को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरे छत्तीसगढ़ में बाबा गुरु घासीदास की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है। बाबा गुरु घासीदास सतनाम समाज के गुरु नहीं थे, बल्कि वह पूरे छत्तीसगढ़ एवं राष्ट्र के सभी समाज के गुरु थे। बाबा गुरु घासीदास ने जो संदेश छत्तीसगढ़ वासियों को दिया है उनके संदेश पर अमल करना हम सभी का दायित्व है और उनके संदेश से ही समाज और छत्तीसगढ़ वासियों का उत्थान संभव है।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन | पर्सनल लोन | होम लोन | कार लोन | मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

# ग्राम तरपोंगी ने जीती बैडमिंटन प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा



बालाजी बैडमिंटन क्लब एवं गोकर्ण धाम समिति तुलसी की ओर से तीन दिवसीय युगल बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसमें कसडोल, बलौदाबाजार, सिमगा, खरोरा, बरौंदा सहित 40 टीमों ने शिरकत की। इस तीन दिवसीय आयोजन में सभी विरोधी टीम को परास्त करते हुए तरपोंगी ने फाइनल जीत कर प्रथम पुरस्कार हासिल किया। वहीं सिमगा ने द्वितीय स्थान एवं संयुक्त रूप से कसडोल एवं सिमगा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गौकर्ण धाम मोहल्ला विकास समिति के अध्यक्ष राजकुमार ठाकुर, सरपंच गुलाब यदु, देवेन्द्र सिंह, संजीव वैष्णव, पूनम वैष्णव, ओम ठाकुर, मनोज वर्मा, भरत वर्मा, जय नारायण नायक, राजेंद्र पटेल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बालाजी बैडमिंटन क्लब के सदस्य संजीव वर्मा, डागेश वर्मा, विजय ठाकुर, डॉ. पंकज, चेतन दास, धर्मेंद्र नायक, पुष्पेंद्र गवेल, सुमीत, अमन, तोमेश, द्रोण, गौरव, यश टूर्नामेंट के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### आम सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार एम.ए. फुड प्रोडक्ट्स द्वारा पार्टनर श्री जयेश सचदेव आत्मज श्री अजय सचदेव निवासी रूपरेला गली रमण मंदिर वार्ड रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. पिन नं. 492001 के द्वारा ग्राम चंदेरी प.ह.नं. 12 राजस्व निरिक्षक मण्डल सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार- भाटापारा छ.ग. की निम्न भू-स्वामियों से उनकी हक स्वामित्व व अधिपत्य की भूमि क्रय कर पंजीकृत विक्रय विलेख का निष्पादन किया जाने वाला है

1. भू-स्वामी - शकुंतला पाटले पति श्री कांतिलाल पाटले जाति सतनामी निवासी अकलतरा तहसील सिमगा जिलाबलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. पिन नं. 493101 खसरा नं. 445, 480 रकबा क्रमशः 0.060, 0.040 हे. कुल खसरा 02 कुल रकबा 0.100 हे. अतः किसी भी व्यक्ति, निगम, वित्तीय, अर्धशासकीय, शासकीय संस्था को उपरोक्त भूमि के स्वत्व एवं अधिपत्य के संबंध में कोई भी दावा या आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित या मोबाईल नं. 9301307152, 8770903083 पर सूचना देकर आपत्ति पाँच दिवस के भीतर प्रस्तुत करे पॉच दिवस के पश्चात की गई कोई भी दावा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नही होगा तथा अवैध व शून्य माना जावेगा।

सो सूचना जाने

दिनाकः 18.12.2023
स्थानः सिमगा

सूरज कुमार गुप्ता, अधिवक्ता
सिविल कोर्ट सिमगा
मो.9301307152

### गुमशुदा

जिस किसी को मिले कृपया सम्पर्क करें:-
पता बताने वाले को 5000/- रू. का नगद ईनाम दिया जायेगा।



नाम- जगदीश टंडन
उम्र-45 वर्ष, हाईट- 5 फीट
पता- खरोरा (नवागांव)
बलौदाबाजार रोड़, तह. तिल्दा,
जिला-रायपुर (छ.ग.)
मो. 9691043878
9171270364

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
बिलासपुर: ... मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### शराब छोडाबो गांव बचाबो जन चेतना पद यात्रा 24 से



**बलौदाबाजार।** जिला पंचायत रायपुर के पूर्व सभापति एवं समाजसेवी मुरारी मिश्रा का शराब छोडाबो गांव बचाबो जन चेतना पद यात्रा के 14वें वर्ष का शुभारंभ ग्राम टोनाटार से 24 दिसम्बर को होगा। इसमें रैली शराब व नशा के खिलाफ संगोष्ठी राजनीतिक तथा जनचेतना संवाद एवं रात्रि विश्राम करेंगे। 25 दिसम्बर को मां महामाया की पूजा-अर्चना एवं वीर शहीद धनंजय की प्रतिमा पर माल्यार्पण पश्चात पद यात्रा टोनाटार से नवागांव, खैरी, बोरसी, धंवई, नयापारा, बुढगहन, करमदा पहुंचेगी। रात्रि विश्राम पश्चात 26 दिसम्बर को पद यात्रा करमदा से गैतरा, भरसेला, भरसेली, कुकुरदी होकर ढनढनी पहुंचेगी। यहां रात्रि विश्राम पश्चात 27 दिसम्बर को यात्रा करमनडीह, मुढ़ीपार, भद्रापाली, खैरताल होकर ग्राम रवान पहुंचेगी। पश्चात 28 दिसम्बर को रवान से ग्राम परसाभदेर, भाठागांव की यात्रा कर बलौदाबाजार कलेक्टोरेट पहुंचेगी, जहां मुरारी मिश्रा पूर्ण शराब बंदी, गांव–गांव में बिक रहे अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर, एसपी बलौदा बाजार को ज्ञापन सौंपेंगे। पद यात्रा का समापन 28 दिसम्बर की शाम ग्राम अर्जुनी में सभा पश्चात शराब का पुतला दहन के साथ होगा। मुरारी मिश्रा ने प्रबुद्धजनों, महिलाओं एवं ग्रामीणों से यात्रा में शामिल होकर शराब के खिलाफ आवाज बुलंद करने की अपील की है। विदित हो इसके पूर्व मुरारी मिश्रा द्वारा पिछले 13 वर्ष से लगातार शराब एवं नशे के खिलाफ 429 ग्रामों में 1335 किलोमीटर से अधिक की पदयात्रा कर चुके हैं।

### पांच जनपदों के 14 गांवों में आज विकसित भारत संकल्प यात्रा

**महासमुंद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर प्रभात मलिक ने भारत सरकार एवं राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित हितग्राहियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने के लिए जनपद वार रूट प्लान, सेक्टर अधिकारी, क्लस्टर मुख्यालय सहित ग्राम पंचायतवार नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ गांव-गांव में पहुंचकर केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को विस्तार से अवगत कराएंगे। उल्लेखनीय है कि संकल्प यात्रा 16 दिसंबर से प्रारंभ होकर 26 जनवरी 2024 तक चलेगी। यात्रा के तहत महासमुंद विकासखंड अंतर्गत 105 ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी तरह बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत 116, पिथौरा में 126, बसना में 102 एवं विकासखंड सरायपाली अंतर्गत 107 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंचेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 21 दिसंबर को जनपद महासमुंद के ग्राम पंचायत बरबसपुर और बिरकोनी में सुबह 10 बजे एवं बड़गांव और अछरीडीह में दोपहर 2 बजे से शिविर लगाया जाएगा। ग्राम पंचायत पाटनदादर और सपोस में दोपहर 2 बजे से, जनपद बसना के ग्राम पंचायत परसकोल में 10 बजे से एवं केंवटापाली में 2 बजे से तथा जनपद सरायपाली के ग्राम पंचायत रिसेकेला में 10 बजे से एवं ग्राम पंचायत केंदुआ में दोपहर 2 बजे से शिविर आयोजित किया जाएगा।

# गलियों में पसरी गंदगी, स्वच्छता का संदेश देने वालों की खुल रही पोल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| लवन

## यह अभियान कागजों एवं फोटोग्राफी तक सीमित रह गया है

स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत शासन द्वारा कितनी भी योजनाएं क्रियान्वयन करने के लिए चलायी जा रही हो, लेकिन यह अभियान सिर्फ कागजों एवं फोटोग्राफ खिंचवाकर रखने तक सीमित रह गई है, जिससे सफाई व्यवस्था के नाम पर नगर पंचायत द्वारा कोई खास सुधार नहीं हो पा रहा है। विभाग द्वारा स्वच्छ रहे स्वस्थ रहे का ढिंढोरा भी पीटा गया, परंतु गलियों में गंदगी का जमावड़ा इतना भयानक है कि लोग अपने घरों से निकल नहीं पा रहे हैं, जिसके कारण इन योजनाओं के क्रियान्वयन करने के लिए न तो नगरपंचायत का कोई जिम्मेदार अधिकारी इस सफाई व्यवस्था पर ध्यान दे रहा है न ही इन गलियों में जिम्मेदार कभी अपना रूख करते हैं। इसके चलते स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर में साफ–सफाई व्यवस्था सिर्फ दिखावा साबित हो रही है। ऐसा ही नजारा बाजार चौक वार्ड 4 की तंग गलियों में देखा गया, जहां विगत महीनों से नालियों की सफाई न होने से बाजार आने जाने वाले व्यापारी, साग सब्जी लेने वाले और आने जाने वाले राहगीर बदबू से परेशान हैं।



### गंदगी से अटी पड़ी नालियां

देखा जाए तो नगर के वार्डों में रहवासी क्षेत्र की गलियों में सफाई कर्मियों द्वारा कभी–कभार ही यहां कचरा के ढेर व नालियां साफ किया जाता है, जिससे नालियां गंदगी से भरी पड़ी है और नालियों का गंदा पानी बहकर घरों के सामने इकट्ठा होने से लोग परेशान है। इसकी शिकायत करने के बाद भी नगरपंचायत के जिम्मेदारों द्वारा इस गंदगी को उठवाया नहीं जाता है, जिससे वार्ड के रहवासियों के स्वास्थ पर गहरा असर पड़ रहा है। वहीं वार्डवासियों का कहना है कि काफी समय से यहां की नालियों की सफाई नहीं होने के कारण उसमें उठ रही गंध से चलते घरों में रहना दूभर हो रहा है। घरों के सामने लगे कचरे के ढेरों को अलग नहीं किया जाता, जिस कारण लोगों को आने जाने में परेशानी होती है एवं दुगंर्ध से लोग बीमार हो रहे हैं। इन सारी अव्यवस्थाओं ने फिर एक बार इस अभियान में सफाई व्यवस्था की पोल खुल दी है कि शासन द्वारा अपनी योजनाओं के तहत कितना भी प्रयास किया गया हो एवं खूब प्रचार प्रसार किया, लेकिन नगर को स्वच्छ बनाने में नगरपंचायत के अधिकारी कर्मचारी असफल साबित हो रहे हैं। नालियों की बदबू से परेशान लोग अपने घरों के आगे नालियों के गंदे पानी को साफ करते नजर आ रहे हैं।

## कार्रवाई : तोड़फोड़ को देख लोगों ने स्वयंमेव हटाया अतिक्रमण

# फिर चला अतिक्रमण पर बुलडोजर प्रशासन की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नरेंद्र बंजारा के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम के साथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी, तहसीलदार, विद्युत विभाग व पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने अचानक पटपर चौक से अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत कार्यवाही की शुरूआत की। विशेषकर मुख्य मार्ग में यातायात को प्रभावित करने वाले कब्जों को तोड़ने की कार्रवाई प्राथमिकता से की गई। प्रथम चरण में पटपर चौक के अतिक्रमण को तोड़ने के बाद अभियान टीम गौरव पथ मुख्य मार्ग पर पहुंच गई, जहां अधिकांश दुकानदारों ने स्वयंमेव अपने कब्जे को खाली कर दिया। तत्पश्चात समस्त टीम कृषि उपज मंडी व बस स्टैंड चौक के पास पहुंची, जहां पुनः जेसीबी मशीन के माध्यम से अतिक्रमण हटाने का कार्य जारी रखा गया।

### पालिका प्रशासन ने पूर्व में ही थमाया था नोटिस

विदित हो कि पिछले एक सप्ताह से नगर पालिका प्रशासन ने पूरे शहर में अतिक्रमण कारियों को नोटिस भेजा था, इस कारण अधिकांश दुकानदारों ने अपने सामान्य कब्जों को स्वयं ही हटा लिया था, लेकिन जिन लोगों ने नोटिस के बाद भी कब्जे नहीं हटाए थे, उन पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीन के माध्यम से कब्जा हटाने का कार्य किया। कुछ स्थानों पर विवाद की स्थिति भी निर्मित हुई लेकिन प्रशासन ने दिनभर कार्रवाई जारी रखी। स्थानीय बस स्टैंड में लग रहा सब्जी बाजार व चबूतरों को दुकानदारों द्वारा स्वयं ही हटा लिया गया।



**पुनः होगी कार्रवाई**

नगरपालिका द्वारा प्रथम चरण में जिन कब्जाधारियों को नोटिस दिया गया था, उन पर आज प्राथमिक कार्रवाई की गई है।द्वितीय चरण में जिन कब्जाधारियों को नोटिस जारी किया गया है उन पर निर्धारित अवधि के बाद पुनः कार्रवाई की जाएगी।

**अजय बहादुर सिंह,** मुख्य नगर पालिका अधिकारी

# पेंशन दिवस और पेंशनर सम्मेलन में भाटापारा के पेंशनर हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

पेंशनर दिवस पर छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ भाटापारा का 21 सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल के नेतृत्व में सुदूर वनांचल क्षेत्र भानु प्रतापपुर वार्षिक महासम्मेलन में सम्मिलित होने गया। इसमें उनके साथ आरके वर्मा, विष्णु प्रसाद साहू, गणेश राम वर्मा, कमल नारायण यदु, पंचराम वर्मा, ढाल सिंह ठाकुर, खेमलता गौतम, शिवकुमार वर्मा, इंजीनियर कृष्ण कुमार वर्मा, खुबूराम वर्मा, गंगा प्रसाद यदु, रमेश कुमार वर्मा, परदेसी राम साहू और पूनाराम वर्मा आदि उपस्थित हुए। पेंशनरों के वार्षिक महासम्मेलन के मुख्य अतिथि कांकेर लोकसभा के सांसद मोहन मंडावी थे। अन्य अतिथियों के रूप में कलेक्टर प्रियंका शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक श्री पटेल उपस्थित थे। प्रांत अध्यक्ष डॉ. डीपी मनहर ने स्वागत भाषण के साथ पेंशनरों की ज्वलंत 6 सूत्री मांगों का ज्ञापन सांसद के सामने रखा, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिले एवं तहसीलों में पेंशनर कार्यालय के लिए एक-एक भवन निर्माण किया जाए। मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन 2000 की धारा 49 अधिनियम 6 को तत्काल विलोपित किया जावे। पेंशनरों को 65 वर्ष की आयु पर पांच प्रतिशत, 70 वर्ष पर 10 और 75 वर्ष की आयु पर 15 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन राशि स्वीकृत की जाए, अभी 80 वर्ष पूर्ण होने पर 20 प्रतिशत प्राप्त हो रहा है। छत्तीसगढ़ के पेंशनरों को भी केंद्र के समान मेडिकल भत्ता 1000 प्रति माह पेंशन में प्रदान किया जाए। छत्तीसगढ़ शासन के वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे यात्रा टिकट में पूर्व की भांति रियायत पुनः प्रदान किया जाए। केंद्र सरकार द्वारा देय तिथि से ही डीए राज्य शासन भी यथावत अपने पेंशनरों को प्रदान करें। साथ ही चुनाव पूर्व स्वीकृत चार प्रतिशत डीए की घोषणा तत्काल कर पेंशन में जोड़ा जाए। सांसद मोहन मंडावी ने मांगों पर सहमति प्रदान करते हुए कहा कि आप लोगों की मांगें जायज है, मैं पुरजोर प्रयास करूंगा कि आपकी मांगें पूरी हो। उन्होंने बताया कि मैं सांसद के साथ आपके समान ही एक पेंशनर भी हूं। मैं भी एक शिक्षक के रूप में कार्यरत था।

# सभी विभागीय योजनाओं का लाभ प्रत्येक नागरिक को मिले

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भटगांव

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। डॉ. सिद्दीकी ने बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विभागों द्वारा दिए जा रहे सुविधाओं, कार्यों के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी विभाग द्वारा योजना के अंतर्गत जितना लाभ प्रत्येक नागरिक को दिया जा सकता है, वह सब उन्हें प्रदान करें। इसके लिए किसी गांव में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के पूर्व आवश्यक तैयारियां जैसे किसी योजना का प्रारंभिक कार्य आवेदन भरना या टीबी, कुष्ठ, फाइलेरिया, एनीमिया बीमारियों का प्रारंभिक परीक्षण आदि को पूर्ण कर सकते हैं और उस गांव के यात्रा दिवस में हितग्राही को सुविधा, दवा, इलाज, आयुष्मान कार्ड निर्माण, आधार नया कार्ड और आधार अपडेशन आदि प्रदान करें। बैठक में नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान ने यात्रा में उज्ज्वला योजना और हर घर जल योजना के हितग्राहियों को शामिल होने तथा महिला स्वसहायता समूह द्वारा धरती कहे पुकार के कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए कहा।



- कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा का लाभ प्रत्येक नागरिकों को दिलाने दिए निर्देश

कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी से स्कूली बच्चों में वार्षिक परीक्षा तैयारी के संबंध में जानकारी ली और रणनीति तैयार कर क्रियान्वयन करने के लिए सभी बीईओ को निर्देशित किया। इसी प्रकार धान खरीदी प्रगति के संबंध में खाद्य, विपणन, सहकारिता, अपेक्स बैंक आदि के अधिकारियों से जानकारी ली। डॉ. सिद्दीकी ने अधिकारियों से पीएम विश्वकर्मा योजना के संबंध में जानकारी ली और जिले के सभी नगरपालिका अधिकारियों को लक्ष्य निर्धारित कर पूरा करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों से कहा कि जिले में राजस्व कार्य–सीमांकन, बटांकन, नामांतरण आदि निरंतर करते रहे। इस अवसर पर एसडीएम सारंगढ़ मोनिका वर्मा, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, डिप्टी कलेक्टर बी. एक्का, नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान, सीएमएचओ डॉ. एफआर निराला, कोषालय अधिकारी चन्द्रपाल सिंह ठाकुर, उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव, जिला शिक्षा अधिकारी एसएन भगत, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास आशीष बैनर्जी, जिला विपणन अधिकारी मनोज कुमार यादव, जिला प्रबंधक खाद्य सूर्यकांत शुक्ला, खनिज अधिकारी एचडी भारद्वाज, कार्यपालन अभियंता विद्युत नरेन्द्र नायक, पीएचई कार्यपालन अभियंता कमल कंवर, सीएमओ राजेश पांडेय, माजिद खान, अनिल कुमार सोनवानी, सीईओ संजू पटेल, प्रज्ञा यादव, योगेश्वरी बर्मन, बीईओ नरेश चौहान, एसएन साहू, रेशम लाल कोसले, आयुर्वेद अधिकारी बीआर पटेल, खेल अधिकारी अमित मरकाम, ईडीएम रोहित सिंह ठाकुर, पीडब्ल्यूडी एसडीओ विग्नेश कुमार, सहायक पंजीयक सहकारिता व्यास नारायण साहू, अपेक्स बैंक डिप्टी मैनेजर जेपी सिंह, तहसीलदारगण आयुष तिवारी, नेत्रप्रभा सिदार, कोमल साहू, रूपाली मेश्राम, बंदेराम भगत, शनिराम पैकरा, अरपन कुर्रे, देवराज सिदार, ग्रामीण यांत्रिकी सारंगढ़ एसडीओ बीके खांडेकर, डीपीएम एनएल इजारदार, मंडी उप निरीक्षक दिलीप बर्मन आदि उपस्थित थे।

# धान खरीदी की प्रगति के संबंध में कलेक्टर ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भटगांव



कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में धान खरीदी कार्यों की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक ली। समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से धान खरीदी कार्यों के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों में धान भंडारण की व्यवस्था, सोसायटी के कार्य विवरण एवं समस्याएं, रकबा वेरिफिकेशन, बफर लिमिट, स्टाकिंग एवं लोडिंग की समस्या, भंडारण क्षमता, खरीदी केन्द्रों का चिन्हांकन, बारदानें की उपलब्धता एवं फ्लाइंग स्क्वाड टीम के कार्यों के बारे में जानकारी ली। साथ ही सीमावर्ती संवेदनशील क्षेत्रों में चेक प्वाइंट पर विशेष ध्यान देने को कहा। इसके अलावा कलेक्टर ने अवैध धान भंडारण और परिवहन प्रकरणों के संबंध में राजस्व, खाद्य, सहकारिता और मंडी अधिकारियों को प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम मोनिका वर्मा, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज खाद्य अधिकारी, जिला विपणन अधिकारी मनोज यादव, सहायक पंजीयक सहकारिता, व्यास नारायण साहू, उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव, तहसीलदार, अपेक्स बैंक उप प्रबंधक जेपी सिंह, खाद्य निरीक्षक, मंडी अधिकारी उपस्थित थे।




## भागवत कथा में श्रीकृष्ण विवाह, सुदामा चरित्र की कथा सुनाई

# जो संकट के वक्त काम आए वही सच्चा मित्र

**खरोरा।** जो विपत्ति के समय काम आए वही सच्चा मित्र है। झूठे व्यक्ति को सबसे बढ़ा नुकसान तब होता है, जब विश्वास खो देने के कारण उसके बुरे वक्त में कोई सामने नहीं आता। यह बाते नगर पंचायत खरोरा में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यह सप्ताह के अंतिम दिन भागवताचार्य उपेन्द्र कुमार शर्मा ने कही। उन्होंने बुधवार को श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग, सुदामा चरित्र और लोकगमन की कथा सुनाई। पं. शर्मा ने कहा कि श्रीकृष्ण का चरित्र बहुआयामी है, जिसे समझ पाने में देवता भी असमर्थ रहे हैं।

रुकमणी, सत्यभामा, जाम्बवती, कालिंदी आदि पटरानियों के साथ विवाह की व्याख्या करते हुए पं. उपेंद्र शर्मा ने कहा कि यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि यह अष्टांग योग ही आठ पटरानियां है, जबकि काम, पेच, मद मस्सर, ईर्ष्या, द्वेष और अहंकार हो ये सात बैल थे, जिन्हें श्रीकृष्ण ने एक ही रस्सी से नाथ दिया था। श्रीकृष्ण के स्वधाम गमन की कथा अंतर्गत संसार की सभी वस्तुओं को नाशवान बताते हुए उन्होंने कहा कि व्यक्ति को धन, पद, मान व संपत्ति का अभियान न करते हुए ईश्वर और मृत्यु को हमेशा याद रखना चाहिए। भागवत कथा श्रवण करने वाले कौशल्या ईश्वरी प्रसाद शर्मा, सुरेखा अवस्थी, महिमा, भारत अवस्थी, प्रेरणा, प्रेम नारायण अवस्थी, सावित्री माधव, प्रसाद पांडेय, लता, बलदेव, प्रतिमा, खिलावन प्रसाद शर्मा, विजय लक्ष्मी शर्मा, संध्या, संजय कुमार शर्मा, प्राजंलि भास्कर, प्रसाद शर्मा, अनीता, कृष्ण कुमार शर्मा, राजेश्वरी, खिलवान प्रसाद शर्मा आदि शामिल थे।



